तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 16 अक्टूबर 2024

[ कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



11 स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम सिविल अस्पताल पहुंची





12 कांग्रेसियों ने छग सरकार के मंत्रियों का पुतला फूंका, की नारेबाजी





## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा प्रतिशक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25/10/2024**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



**(1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782**

ADVT.


## खबर संक्षेप

### आज शरद पूर्णिमा व 20 को करवा चौथ

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद के अध्यक्ष पं. अशोक कुमार शास्त्री ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के बाद शरद पूर्णिमा मनाई जाती है। यह पर्व इस वर्ष 16 अक्टूबर को मनाया जायेगा। शरद पूर्णिमा को आरोग्य का पर्व भी कहा जाता है। इस दिन सोलह कलाओं से पूर्ण होकर चन्द्रमा अपनी किरणों से धरती पर अमृत बरसाता है। करवा चतुर्थी 20 अक्टूबर रविवार को मनाया जाएगा। इस दिन भद्रा का साया रहेगा। भद्रा सुबह 6 बजकर 25 मिनट सुबह 6 बजकर 46 मिनट तक रहेगी। इसका समय 21 मिनट तक रहेगा। शाम को भद्रा का प्रभाव नहीं रहेगा।

### कौशल पखवाड़ा शिविर 18 से

**धमतरी।** प्रदेश सहित जिले में आगामी 30 अक्टूबर तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिले के चारों विकासखण्डों में 18 से 25 अक्टूबर तक शिविर लगाए जाएंगे। कलेक्टर नम्रता गांधी ने कौशल पखवाड़ा के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्था, तैयारी और व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

### बिरेझर में रक्तदान शिविर 20 को

**जीजामगांव।** साहू समाज दरबा परिक्षेत्र द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन 20 अक्टूबर को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक साहू समाज परिक्षेत्रीय भवन ग्राम बिरेझर में रखा गया है। यह जानकारी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश साहू ने दी है।

### प्राइवेट छात्रों का 20 तक पंजीकरण अनुमोदन

धमतरी। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी को परीक्षा केन्द्र के रूप में चयनित करने वाले पंजीकृत स्वाध्यायी (प्राईवेट) बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को विवि के पोर्टल में ऑनलाइन पंजीकरण के पश्चात महावद्यिालय में उपस्थित होकर 16 से 20 अक्टूबर तक पंजीकरण अनुमोदन की प्रकिया पूर्ण करनी होगी। पंजीकरण अनुमोदन के पश्चात स्वाध्यायी (प्राईवेट) विद्यार्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण शुल्क का भुगतान विवि के पोर्टल पर जाकर करना पड़ेगा तत्पश्चात स्वाध्यायी (प्राईवेट) विद्यार्थी के रूप में पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होगी।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार देवनारायण साहू पिता हिरउराम उम्र 21 वर्ष ग्राम सुर्रा थाना गुरुर निवासी ने सोमवार को अपने घर में कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया था। उसे उपचार के लिए गुरुर अस्पताल लाया गया। डाक्टर द्वारा रिफर किए जाने पर युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। शाम को इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मंगलवार को मर्ग कायम कर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौंप दिया है। युवक के जहर सेवन करने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### अनिवार्य सेवा सीआरएस का बुरा हाल, मार्च माह के बाद सैकड़ों पंजीयन पेंडिंग, हितग्राही हो रहे परेशान

# जन्म मृत्यु प्रमाण-पत्र के लिए जिला अस्पताल का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला अस्पताल में जन्म मृत्यु प्रमाण- पत्र के लिए लोगों को महीनों चक्कर काटना पड़ रहा है। पिछले सात माह से यहां के सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम का इतना बुरा हाल है कि हफ्तों तक पोर्टल बंद रहता है। कभी खुलता है तो सिर्फ कुछ घंटे के लिए। इसके बावजूद सिस्टम इतना स्लो है कि हितग्राहियों को दो से तीन माह तक जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र नसीब नहीं हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारत में नागरिक पंजीयन प्रणाली (सीआरएस) महत्वपूर्ण घटनाओं और उसकी विशेषताओं की निरंतरता, स्थायी अनिवार्य और सार्वभौमिक रिकार्डिंग की एकीकृत प्रक्रिया है। इसके माध्यम से उत्पन्न डेटा सामाजिक, आर्थिक नियोजन के लिए आवश्यक है। कायदे से जन्म मृत्यु प्रमाण- पत्र हितग्राहियों को सात दिवस के भीतर उपलब्ध कराया जाता है लेकिन यहां के सिस्टम में ऐसी खामियां हैं कि लोग प्रमाण- पत्र के लिए कई बार चक्कर लगा रहे हैं। जिला मुख्यालय से 80 किमी दूर बेलरगांव निवासी शिवम देवांगन ने बताया कि उनके पिता चंद्रशेखर देवांगन का निधन 6 सितम्बर को जिला




अस्पताल में उपचार के दौरान हो गया। एक सप्ताह बाद मृत्यु प्रमाण- पत्र लेने जिला अस्पताल पहुंचा तो वहां चन्द्रशेखर देवांगन के नाम से कोई रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ था। 13 नंबर के कक्ष में रजिस्ट्रेशन कराने के बाद बताया गया कि सिस्टम में प्रॉब्लम है। प्रमाण- पत्र बनने में 15 दिन का समय लग सकता है। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद संपर्क करने को कहा। 20 दिन बीतने के बाद भी कोई मैसेज नहीं आया तो फिर जिला अस्पताल पहुंचा। पोर्टल खराब होने का हवाला देकर उसे वापस भेज दिया गया। डेढ़ माह बीतने को है, अब तक कोई मैसेज नहीं आया है।

**2024 में जन्म मृत्यु पंजीयन की मासिक जानकारी**

| माह | जन्म | मृत्यु |
|---|---|---|
| जनवरी | 2432 | 829 |
| फरवरी | 1639 | 722 |
| मार्च | 744 | 289 |
| अप्रैल | 743 | 265 |
| मई | 1256 | 626 |
| जून | 1087 | 743 |
| जुलाई | 1317 | 579 |
| अगस्त | 1381 | 602 |

जिला अस्पताल में जन्म मृत्यु प्रमाण- पत्र के लिए पहुंचे रूपेश साहू, संतोष यादव ने बताया कि मृत्यु प्रमाण- पत्र नहीं मिलने से बीमा, नामांतरण, बैंकिंग जैसे कई आवश्यक कार्य नहीं हो पा रहे हैं। घर के मुखिया का निधन होने के बाद मिलने वाली सहायता राशि से वंचित हैं।

जिला अस्पताल में सीआरएस का प्रभार संभाल रही श्रीमती ध्रुव ने बताया कि मार्च माह से सीआरएस का नया पोर्टल लॉन्च हुआ है तबसे सिस्टम का बुरा हाल है। कई दिनों तक सिस्टम चलता नहीं, कभी पोर्टल शुरू होता है तो दो-तीन घंटे तक। वह भी इतना स्लो रहता है कि मुश्किल से कुछ ही लोगों का पंजीयन हो पाता है।

सांख्यिकी विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर सीमा पाठक बताती हैं कि 23 मार्च से नया पोर्टल शुरू हुआ है। यह नई दिल्ली से संचालित हैं। जल से पोर्टल लॉन्च हुआ है तब से परेशानी चल रही है। एक समस्या दूर होती है तो दूसरी समस्या आ जाती है। कभी प्रमाण पत्र डाउनलोड नहीं होता। कभी आप्शन में फंस जाता है। अभी तो ओटीपी नहीं आ पा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में ही ज्यादा समस्या है। यहां महीने में 300 से ऊपर पंजीयन होता है।

## स्टोर रूम का ताला तोड़कर 15 लोहे बॉट की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ गोकुलपुर की घटना

दशहरा अवकाश का फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने विधिक माप विज्ञान कार्यालय के स्टोर रूम का ताला तोड़कर भीतर रखे 15 नग लोहे की बॉट की चोरी कर ली है।

पुलिस के अनुसार गोकुलपुर वार्ड में विधिक माप विज्ञान केंद्र का कार्यालय है। दशहरा की छुट्टी लगने पर भृत्य पद पर कार्यरत मोहनीश चौहान उम्र 28 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी ने 10 अक्टूबर की शाम कार्यालय के स्टोर रूम में ताला लगाकर अपने घर चला गया। शासकीय अवकाश होने के कारण दो तीन दिन तक कार्यालय नहीं खुला। इसी का फायदा उठा अज्ञात चोर ने कार्यालय के स्टोर रूम का ताला तोड़कर भीतर रखे 15 नग लोहे की बॉट की चोरी कर ली। प्रत्येक बॉट का वजन 20-20 किग्रा है। इसकी कुल कीमत 15 हजार रुपए हैं। 14 अक्टूबर की सुबह कार्यालय खोलने पहुंचे मोहनीश ने मुख्य दरवाजा व स्टोर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया। भीतर देखने पर 20-20 किलो वजन के 15 नग लोहे की बॉट की चोरी हो गई थी। प्यून की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305, 331/4 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## अज्ञात हाईवा ने बाइक सवारों को रौंदा, दो की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत काम में लगे एक अज्ञात हाइवा ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया है। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। मंगलवार की शाम करीब 7 बजे कुहकुहा और मेंडरका के बीच भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बन रही पुलिया के पास मलबा परिवहन कार्य में लगे एक अज्ञात हाइवा ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया है। भोथली निवासी अशोक देवांगन उम्र 48 वर्ष, चरमुड़ियां निवासी दिनेश



यादव 40 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। आरही नागरची उम्र 22 वर्ष कुहकुहा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कुरुद पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## सड़क हादसे में डीआरजी के जवान की मौत

■ गढ़डोंगरी और डोहलापारा के बीच किसी अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

डीआरजी के जवान की सड़क हादसे में मौत हो गई। जवान मोहित सूर्यवंशी सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम डोहलापारा का रहने वाला था। वह नगरी थाना में डीआरजी में पदस्थ था। जवान की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हसल है।



जानकारी के मुताबिक सोमवार की शाम जवान ड्यूटी कर बाइक से घर वापस लौट रहा था। उसी दौरान गढ़डोंगरी और डोहलापारा के बीच रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दी। इस हादसे में जवान गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नगरी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उसे धमतरी रेफर कर दिया गया। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान जवान की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जवान मोहित सूर्यवंशी में बचपन से ही देश की सेवा करने की भावना थी। वह शुरु से ही पढ़ाई में होनहार था। लगन और मेहनत के बूते 2021 में उनका पुलिस में चयन हुआ था। गांव में नगरी एसडीओपी आरके मिश्रा सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

## मानसून की वापसी, तापमान में आएगी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मंगलवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून वापस लौट गया है। इसी के साथ तापमान में गिरावट का दौर शुरु हो जाएगा। आगामी 4-5 दिनों तक उत्तर तथा दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर बारिश होने की संभावना है।

मौसम विज्ञान विभाग रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर को दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरे प्रदेश में वापस लौट गया है। दक्षिण-पूर्व बंगाली की खाड़ी पर एक सुस्पष्ट निम्नदाब का केंद्र है। यह दक्षिण-पश्चिम की ओर बढ़ने तथा बंगाल की खाड़ी पर अवदाब के रूप में तीव्र होने की संभावना है। पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किमी की ऊंचाई पर स्थित है।

एक अन्य चक्रवाती परिसंचरण पूर्वोत्तर बांग्लादेश के आसपास समुद्रतल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर बना हुआ है। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञान ने कोई चेतावनी जारी नहीं की है। अधिकतम तापमान 34 तथा न्यूनतम तापमान 24 डिग्री के आसपास बने रहने की संभावना है। आगामी दिनों में तापमान में गिरावट का दौर शुरु होगा।

**खैरझिटी के मुख्य चौक में हुआ हादसा, घायल लड़कियों का अस्पताल में चल रहा इलाज**

## हनुमान मंदिर को ठोकर मार रेत से भरा हाइवा पलटा, दो लड़कियां रेत में दबीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

मगरलोड ब्लॉक सहित आसपास क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रही है। रेत का खेल खुलेआम चल रहा है। रेत के इस खेल में रेत से भरे हाइवा वाहन की आवाजाही से गांव में दुर्घटना हो रही है।

13 अक्टूबर को रविवार की शाम खैरझिटी (मधुबन) मुख्य चौक





सड़क मोड़ पर वर्षों से निर्मित बजरंगबली मंदिर को ठोकर मारकर रेत से भरा हाइवा पलट गया। ग्रामीणों ने बताया कि दशहरा पर्व के दूसरे दिन 13 अक्टूबर रविवार को खैरझिटी मुख्य चौक पर स्थापित हनुमान मंदिर के समीप शेखूराम पिता विसालीराम साहू के घर के सामने प्रतिदिन की भांति गांव की कुमारी 24 वर्ष पूनमश्री पिता त्रिलोचन साहू, 14 वर्ष लता पिता शेखूराम साहू सहित 7 बालिका बैठी थी। रविवार की शाम लगभग 5 बजे रेत से भरा हाइवा बजरंगबली मंदिर को ठोकर मारकर पलट गया। हाइवा में भरी रेत के गिरने से पूनमश्री और लता साहू रेत में दब गई। दोनों बालिकाओं को चोट लगी है।

थाना मगरलोड के विवेचक दीनूराम मारकंडे ने बताया कि घटना की एफआईआर 14 अक्टूबर को की गई है। वाहन चालक अज्ञात है। वाहन जब्ती करने पर ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण की मांग के बाद वाहन उठाने को कहा।

ग्राम प्रमुखों समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे बजरंगबली का मंदिर विगत 15 से 20 वर्षों से निर्मित है। आज तक सड़क किनारे वाहन चलने के बाद भी किसी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई है। वाहन की ठोकर से मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया है। बजरंगबली की कृपा से गांव की 7 बालिकाओं की जान बची है। मंदिर नहीं होता तो दुखद घटना हो सकती थी। ग्रामीणों ने वाहन मालिक जयेश धर्मानी से बजरंगबली मंदिर को पुनः बनाने की मांग की है। वहीं ग्रामीण शर्त पूरी करने के बाद ही हाइवा वाहन उठाने की जिद पर अड़े हैं। हाइवा में दबने से पूनमश्री पिता त्रिलोचन साहू 24 वर्ष एमएससी की छात्रा के दोनों पैर में चोट लगी है। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। लता साहू पिता शेखू साहू 14 वर्ष 9वीं की छात्रा को सिर में चोट आई है।

### तीन साल के लिए ये दुकानें लीज पर रहेंगी

# नीलाम हो रही प्राइम लोकेशन की 96 दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के मुख्य स्थानों पर स्थित 96 दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये दुकानें तीन साल के लिए लीज पर रहेंगी। सब कुछ अच्छा रहा तो हर तीन साल में लीज की अवधि बढ़ाई जाएगी। दिवाली के पूर्व इन शहर के प्राइम लोकेशन पर दुकानों की नीलामी से व्यवसायी खुश हैं। दुकानों को लीज में लेने के लिए उनमें होड़ है।

बालक चौक स्थित निगम के पुराने शॉपिंग कॉम्पलेक्स को तोड़कर नया काम्पलेक्स बनाया गया है। इसी प्रकार सिहावा चौक में शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण किया गया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इनकी नीलामी के लिए नगर




निगम ने आवेदन मंगाया है। आवेदन सीलबंद लिफाफे में किया जा सकता है। 24 अक्टूबर तक आवेदन लिए जाएंगे। इसके बाद 25 अक्टूबर शाम को प्रक्रिया का पालन करते हुए ये लिफाफे खोले जाएंगे। जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा हर दुकान के लिए न्यूनतम अमानत राशि और किराया निर्धारित है। आवेदकों को न्यूनतम अमानत राशि से ज्यादा दर बोली लगानी है जिसकी बोली सबसे ज्यादा होगी, उसे ही दुकान का लीज दिया जाएगा।

#### इन दुकानों की नीलामी

बालक चौक की नई दुकान तथा बालक चौक पीछे की दुकान के लिए निविदा जारी की गई है। बालक चौक के पीछे स्थित कॉम्प्लेक्स के भू-तल पर 13 दुकानें तथा प्रथम तल पर 12 दुकानें निर्मित हैं। इसी प्रकार बालक चौक स्थित नए कॉम्प्लेक्स में दुकानें द्वितीय तल पर 15 दुकानें, तृतीय तल पर 16 रिक्त दुकानें है, जिसके लिए निविदा जारी की गई है। सिहावा चौक स्थित शॉपिंग कॉप्लेक्स के भूतल पर 12 दुकानें रिक्त हैं। नगरपालिका हाईस्कूल के पीछे 1 दुकान तथा सदर उत्तर वार्ड के प्रथम तल में 3 दुकानें रिक्त हैं। रत्नाबांधा के 3 दुकान, इतवारी बाजार स्थित प्रथम तल के कॉम्प्लेक्स में 20 दुकानें तथा 1 दुकान आईडीएसएमटी योजना अंतर्गत रिक्त हैं। कुल 96 दुकानों के लिए भी निविदा बुलाई गई है। कोई भी व्यक्ति दुकान को लेने के लिए निविदा की प्रक्रिया में भाग ले सकता है।

#### दो किस्त में अमानत राशि पटाने की सुविधा

दुकानों के लिए शासकीय अमानत राशि निर्धारित की गई है। जो व्यवसायी एक बार में इस राशि को पटाने में अक्षम होंगे, उन्हें दो किस्त में अमानत राशि पटाने की सुविधा दी जा सकती है। यह सुनहरा मौका है। ऐसे लोकेशन की दुकानों के लिए बार -बार अवसर नहीं मिलता है।

- विनय पोयाम, *कमिश्नर नगर निगम*


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**खबर संक्षेप**

### आरएसएस ने विजयादशमी उत्सव मनाया

**नगरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक द्वारा 12 अक्टूबर को विजयादशमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर खंड नगरी के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर से नगर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। राजा बाड़ा में शस्त्र पूजा किया गया।

### शोभायात्रा में देव विग्रह झूमे, नव कन्याओं को कराया भोज

**नगरी।** चंडी दुर्गा मंदिर मराठापारा सिहावा में ज्योत जंवारा का विसर्जन परम्परानुसार किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ रही। महानवमी की दोपहर 3 बजे सरोवर स्नान के लिये शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। महानदी के उदगम स्थल गणेश घाट में पहुंचकर जंवारा विसर्जित की गई। ऋषि पंचमी सेवा मण्डली गणेश घाट द्वारा गाये जा रहे माता सेवा के साथ देव विग्रह आदि अपने पूरे स्वरूप में विसर्जन शोभायात्रा में झूमते रहे। सरोवर में विसर्जन उपरान्त श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। माता के सेवक बलदेव निषाद ने क्वांर नवरात्रि पर मिले सहयोग के लिये सभी का आभार माना। इससे पूर्व नव कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज कराया गया। महाष्टमी में यज्ञ हवन व शोभायात्रा में प्रमुख रूप से राजकुमार निषाद ,दीपक रावतवर, दीनदयाल नागरची, अंकालु निषाद, कोमलू निषाद, रिंकू निषाद, गोलू निषाद, ललित निर्मलकर, गगन नाहटा, प्रवीण गुप्ता, नारद निषाद, भरत निर्मलकर, मानसिंह पटेल, ज्ञानसागर पटेल, महेंद्र पटेल, केशव पटेल, ऋषभ यदु, सुनील सिंहसार, रोशन पटेल, रामसिंह पटेल, त्रिलोक पटेल, संतू पटेल, भोलू पटेल, देवीराम पटेल, जगन्नाथ पटेल, आकाश पटेल, कोशिश निर्मलकर की उपस्थिति रही।

- चंडी दुर्गा मंदिर में ज्योत जंवारा का हुआ विसर्जन

**निधन**

### कलाराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम बेलौदी निवासी कलाराम साहू 90 वर्ष का 13 अक्टूबर रविवार को निधन हो गया। वे रामबाई साहू के पति, छन्नू साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया।

### कांति सिन्हा



**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुडी वार्ड क्रमांक एक निवासी कांति सिन्हा उम्र 68 वर्ष का निधन 13 अक्टूबर रविवार को हो गया। वे संतोष सिन्हा तथा नपं उपाध्यक्ष भूपेश सिन्हा की माता थीं। उनके अंतिम संस्कार में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, नगरवासी शामिल हुए।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

## करेली छोटी से माता बाजे-गाजे के साथ मगरलोड प्रवेश किया

# रिच्छिन माता के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

दशहरा के दूसरे दिन मगरलोड में रिच्छिन माता पहुंचने की वर्षों पुरानी परंपरा है। ग्राम करेली छोटी की प्रसिद्ध रिच्छिन माता दशहरा के दूसरे दिन मगरलोड में माता के आगमन पर रावण वध कर दशहरा मनाया गया। रविवार को ग्राम करेली छोटी से रिच्छिन माता बाजे-गाजे के साथ मगरलोड प्रवेश किया। इस दौरान पुजारी एवं रिच्छिन माता सेवा समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। रिच्छिन माता की सर्वप्रथम नगर के अखराभाठा के बाद गुरु बैताल में नगर समिति द्वारा पूजा अर्चना कर सहसम्मान एवं अखाड़ा नृत्य करते हुए नगर प्रवेश कराया गया। माता के दर्शन पाने के लिए दूर-दराज के श्रद्धालुओं भीड़ रही। नगर भ्रमण के बाद माता अग्रवाल भवन के पास चंडी माता के पास ठहरी जहां हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर नारियल अर्पित किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। सुरक्षा व्यवस्था में टीआई राजेश जगत, एएसआई धनीराम नेताम दलबल के साथ नगर में तैनात रहे। जगह- जगह पुलिस बल मुस्तैद रहे। रात्रि में रामलीला मैदान में राम रावण युद्ध का मंचन किया गया। रावण वध कर दशहरा पर्व मनाया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नीतू खिलावन साहू, पार्षद नरेश अग्रवाल, पार्षद देवेंद्र साहू, बिसुन साहू, सत्यनारायण साहू , दिनेश साहू, कमलेश बंजारे, महमूद खान, दुर्गा साहू, झामित सिन्हा, वीणा सिन्हा, हिरवानी ठाकुर, सुरेश साहू, यादराम गायकवाड़, दिनेश अग्रवाल, सुखदेव साहू, घनश्याम साहू, युगलकिशोर चंद्राकर, अजय साहू, देवराज देवांगन मैनसिंह हिरवानी, नेमसिंग साहू, दीपचंद साहू, रवि साहू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे। लोगों के मनोरंजन के लिए शरद अग्रवाल आर्केस्ट्रा ग्रुप रायपुर की मनमोहक प्रस्तुति हुई। सुबह तक लोगों ने इसका भरपूर आनंद उठाया।

## शरद पूर्णिमा पर आज होगी मैथिली ठाकुर की भजन संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



अजय एजुकेशन एंड हेल्थ फाउंडेशन द्वारा 16 अक्टूबर की शाम 6.30 बजे से केसीपीएस स्कूल के पास अजय फाउंडेशन परिसर कुरूद में भजन संध्या का आयोजन किया गया है। भारत सरकार से पुरस्कृत भोजपुरी, मैथिली और हिंदी की विश्व प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस दौरान उनके दोनों भाई तबलावादक ऋषभ ठाकुर और आयाची ठाकुर भी जुगलबंदी करेंगे। अजय फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि भजन संध्या का यह आयोजन शरद पूर्णिमा पर किया जा रहा है। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर होंगे। श्री अग्रवाल ने बताया कि मिथिला की बेटी और राइजिंग स्टार की उपविजेता मैथिली ठाकुर कार्यक्रम में भक्ति संगीत के गायन से श्रोताओं को सराबोर करेंगी। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष अभिषेक बैस, सचिव इमरान बेग, कोषाध्यक्ष शिखर चंद्राकर, प्रसन्ना नायडू, लक्ष्मीकांत साहू, शुभम बैस, खेमराज सिन्हा, पावस चंद्राकर, भारती पंचायन, अनुशासन आमदे सहित अजय एजुकेशन एंड हेल्थ फाउंडेशन के लोग जुटे हैं।

## ज्योत-जंवारा के साथ निकली शोभायात्रा





- धूमा में मनाई गई विजयादशमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम धूमा में नवरात्रि पर ज्योत-जंवारा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन शुरू हो गया। भक्तों ने जयकारे लगाते हुए नम आंखों में माता को अंतिम विदाई दी। भक्ति गीत व आतिशबाजी के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा को सरोवर में विसर्जित किया गया। 12 अक्टूबर की शाम को रावण वध का नाट्य मंचन किया गया। कार्यक्रम देखने दर्शकों की भीड़ रही। अंत में रावण के पुतले का दहन कर ग्रामीणों ने एक दूसरे को विजयादशमी पर्व की बधाई दी।

इस आयोजन में राजकुमार साहू, रामेश्वर साहू, भुनेश्वर साहू पूर्व सरपंच, केवल राम, रामजी, चैनराम, बहुर राम सरपंच, ओंकार साहू, दिलीप साहू, सेवाराम, चमन कुमार, हेमलाल साहू, घनश्याम साहू, दयालु, केवल,चंद्रशेखर साहू, जगतराम, जग्गू राम, भीखम, लीलाराम, धनीराम साहू, हीराराम साहू, जागेश्वर यादव, चुमन साहू, चम्पेश्वर का सहयोग रहा।

# दिखावे के आडम्बर, फिजूलखर्च से बचने की दी नसीहत

- चंदापारी सेन समाज का प्रदेश स्तरीय मिलन समारोह हुआ
- विनोद सेन कार्यवाहक अध्यक्ष व परमानन्द सेन बनाए गए सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



गत दिनों दुर्ग में चंदापारी सेन समाज का छग प्रदेशस्तरीय मिलन समारोह हुआ जिसमें पूरे प्रदेश में फैले इस पार के सदस्यों को संगठित करने का निर्णय लिया गया ताकि सर्व सेन समाज में इस पार की भूमिका सुनिश्चित की जा सके। सर्वसम्मति से पूर्व प्रांत अध्यक्ष विनोद सेन को कार्यवाहक अध्यक्ष तथा परमानन्द सेन को सचिव बनाया गया। वे एक साल तक अपना कार्य कर लोगों को जोड़ने का काम करेंगे।

सप्ताह भर पहले दुर्ग के वाणी होटल में आयोजित चंदापारी सेन समाज के प्रदेश स्तरीय मिलन समारोह में समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान किया गया। जिलाध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारियों ने शादी ब्याह और मृत्यु कार्यक्रम में नेग, रस्मों रिवाजों में समय के साथ परिवर्तन करने तथा दिखावे के आडम्बरों, फिजूलखर्च से बचने की बात कही। राज्य स्तर पर सामाजिक संगठन का गठन कर शासन प्रशासन एवं सर्व नाई समाज में भागीदारी सुनिश्चित कर अपनी एक अलग पहचान स्थापित करने पर जोर दिया गया। इसके लिए आगामी एक वर्ष के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष व सचिव का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। अध्यक्ष विनोद सेन दुर्ग और सचिव परमानन्द सेन तिल्दा बनाए गए।

मिलन समारोह में बुधराम चंद्रेश्वर, राकेश चन्द्रसेन, किशनलाल सेन, दिनेश सेन, प्रकाश सेन, आमिरलाल सेन, कन्हैया सेन, किशोर सेन, मन्नूलाल चन्द्रसेन, गौरव चन्द्रसेन, प्रभुराम शांडिल्य, परदेशीराम सेन, भीखम सेन, अशोक सेन, अरुण कौशिक, कमलनारायण शांडिल्य, धनसिंह सेन, खिलेश सेन, पंचराम सेन, गौरकरण शांडिल्य, कौशल सेन, दीनदयाल सेन, सुरेश सेन, रघुवीर सेन, नागेश्वर सेन, संतोष सेन, अनूप सेन सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए।

### चिटौद में रामलीला मंडली के कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया

# जय घोष के साथ रावण पुतला का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)





क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में परम्परानुसार दशहरा एवं नवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तीन चार दिनों तक रामलीला का मंचन कर अंतिम दिवस दशहरा के दिन आतिशबाजी एवं श्रीरामचंद जी के जय घोष के साथ रावण पुतला का दहन किया गया।

क्षेत्र के ग्राम चिटौद में गांव के परम्परा के अनुसार गांव के ही रामलीला एवं नाट्य कला मंडली के कलाकारों के द्वारा तीन दिनों तक रामलीला की मनमोहक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। प्रथम दिवस महिषासुर वध दूसरे दिन रामायण के कुछ दृश्यों का मंचन रामलीला के माध्यम से सीताहरण एवं बाली वध, तीसरे दिन कुंभकरण, मेघनाथ एवं रावण वध का मंचन किया गया। वहीं दशहरा के दिन 11 फीट का आकर्षक रावण के पुतले का दहन किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सरपंच कुमारी साहू, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष चोवाराम साहू, पंजाबराव सालुंके, अधिवक्ता सुरेन्द्र तिवारी, जागेश्वर साहू, खोरबाहराराम सिन्हा, परसराम साहू, गोकुलराम साहू, बनवालीराम मेश्राम, रघुवीर साहू, चंद्रहास साहू सहित पंचायत प्रतिनिधिगण एवं गांव के अन्य वरिष्ठगण उपस्थित थे। जिन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के इस आधुनिक युग में हमें अपने रीति रिवाज परम्पराओं एवं त्यौहारों को श्रद्धा से मनाना चाहिए। त्यौहार हमें हमारी संस्कृति से जोड़े रखता है।

लीला एवं नाट्यकला मंडली के संचालक डॉ. गोपी साहू, अध्यक्ष रूपराम नागवंशी, गुहाराम साहू, लोकेश साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। लीला मंडली के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। ग्राम फागुनदाह में भी दो दिनों तक आकर्षक रूप से रामलीला का मंचन किया गया जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा, प्रीतम साहू, सरपंच श्रीमती नूतन साहू, होमशंकर साहू,हेमंत सिन्हा, सरस्वती चंद्राकर, धीरपाल चंद्राकर सहित अन्य अतिथियों के करकमलों पर हुआ। दशहरा के दिन रावण दहन किया गया। इसी प्रकार ग्राम चंदनबिरही में भी नाट्यकला मंडली के द्वारा लगातार नाटक एवं रामलीला का मंचन कर अंत में असत्य पर सत्य की जीत दशहरा पर्व धूमधाम से मनाते हुए जय श्री राम के नारों के साथ आकर्षण रूप से तैयार की गई रावण के पुतले का दहन किया गया।

ग्राम पुरूर में भी आयोजक समिति के द्वारा सरपंच सुकीर्ति यादव,जितेन्द्र यादव, मिथलेश साहू, ग्राम पटेल कीर्तन माला, आनंदराम साहू, बंटी साहू, जितेन्द्र मगेन्द्र, ओमगोस्वामी, द्वारिका सिन्हा, केजूराम साहू सहित ग्राम प्रमुखों के आतिथ्य में रालीलाला का मंचन कर रावण दहन किया गया। ग्राम बागतराई, उसरवारा, आनंदपुर, भर्रीगांव, बालोदगहन, बोरिदकला, मुड़खुसरा, कुम्हारखान में भी विजयादशमी पर्व मनाया गया।

**अंचल की खबरें**

### थाने में की गई शस्त्र की पूजा



**मगरलोड।** मगरलोड थाने में विजयादशमी के दिन विधि-विधान से शस्त्र की पूजा की गई। अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी। शस्त्र पूजन में टीआई राजेश जगत, एएसआई धनीराम नेताम, प्रधान आरक्षक रामदीन मरकाम, आरक्षक गोविंदा घृतलहरे, किशन सोनकर, अजय गिरी, शंकर आरदा, महिला आरक्षक विद्या गजपाल, लता साहू, त्रिवेणी ध्रुव शामिल हुए।

### रासेयो छात्रों ने कालेज परिसर में रोपे पौधे



**अंवरी।** पर्यावरण के सरंक्षण एवं मां के प्रति सम्मान के लक्ष्य को लेकर चलाए जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा के प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा के मार्गदर्शन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। कुल 40 पौधे लगाए गए। पहले रोपे गए पौधों के आसपास के खरपतवार की साफ-सफाई कर पानी डाला गया। पौधरोपण पश्चात कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवकों को आगामी सात दिवसीय शिविर के बारे में जानकारी दी।

### स्वास्थ्य शिविर में 110 लोगों की हुई जांच



**मगरलोड।** स्वास्थ्य विभाग और पिरामल फाउंडेशन द्वारा ग्राम भोथा में सहभागी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सीएचओ, आरएचओ, एएनएम, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी वर्कर और तीन मितानिनों का सहयोग रहा। शिविर में कुल 110 लोगों की टीबी, शुगर और बीपी की जांच की गई। 73 लोगों के बलगम के सैंपल लिए गए। स्वास्थ्य शिविर में टीबी मुक्त पंचायत पहल के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, युवा, मितानिन और आंगनबाड़ी वर्कर ने भाग लिया। पिरामल टीम की प्रोग्राम लीडर ने टीबी रोग के लक्षण, उपचार और असुविधा, टीबी मुक्त पंचायत और रैफरल पर चर्चा की। टीबी मुक्त पंचायत पहल का मुख्य उद्देश्य टीबी से मुक्ति पाना, उनका सही इलाज करना और समुदाय को टीबी से मुक्त कराना है। गांव के सचिव ने पिरामल टीम और स्वास्थ्य विभाग के प्रयास की सराहना की।

- भोथा में स्वास्थ्य विभाग और पिरामल फाउंडेशन ने किया आयोजन

# दशहरे पर बेलरगांव में रामलीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

कृषि एवं ग्राम विकास समिति बेलरगाँव के तत्वावधान में बीचपारा कोठी पारा स्कूल पारा द्वारा रामलीला का मंचन शनिवार को किया गया। मंचन के पूर्व कलाकारों द्वारा वंदना एवं माता सेवा का वंदना किया गया। सभी अतिथियों के द्वारा भगवान रामचन्द्र भैया लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान जी जामवंत एवं वानर सेना की पूजा अर्चना की गई। दशहरा पर्व को ग्रामीणों ने धूमधाम से मनाया।

गांव में परपंरागत रामलीला का मंचन हुआ। जिसका आनंद ग्रामवासियों ने देर रात तक उठाया। बेलरगांव क्षेत्र के अंचल में दशहरा का आयोजन की तैयारी शुक्रवार को देर शाम तक पूरी कर ली गई थी। रामलीला का मंचन रावण भाठा में हुआ। बस स्टेंड मनरेगा चौक में जमकर आतिशबाजी की गई। रावण भाठा में राम दल और रावण दल की रणभूमि में एकतरफ रावण दल तो दूसरी तरफ राम दल था। दोनों दल के बीच घमासान युद्ध हुआ 30 फीट का रावण का पुतला दहन किया गया। राम ने रावण के नाभी में तीर चलाई तब जाकर श्री राम कहते हुए रावण ने अपना प्राण त्याग दिया।

वहीं लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक सिहावा विधानसभा क्षेत्र, अध्यक्षता लिलांबर सिंह साहू अध्यक्ष कृषि एवं ग्राम विकास समिति बेलरगांव, विशेष अतिथि हुमित कुमार लिमजा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, उमेद मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत बेलरगाँव, दऊवा लाल देवांगन, कैलाश नाथ प्रजापति, अमरसिंह पटेल, चंद्रशेखर, गिरधारी लाल देवांगन, चुन्नुलाल साहू, कोमल सोरी, जितेंद्र प्रजापति व देव समिति के सभी सदस्य एवं समस्त पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## ग्राम सभा सशक्तिकरण की ओर थीम पर गोंडवाना भवन में हुई कार्यशाला

# समाज की संवैधानिक समस्याओं से युवा लड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



ग्राम सभा सशक्तिकरण की ओर थीम पर आधारित कार्यशाला गोंडवाना भवन नगरी में हुई। यह तीन दिनों तक चली। अतिथि गोंडवाना समाज के अध्यक्ष टिकेश्वर मरकाम, संरक्षक रामप्रसाद मरकाम, श्रवण मरकाम थे। सचिव पोखन नेताम ने कार्यशाला का उद्देश्य बताया। प्रमोद कुंजाम ने युवाओं में सामाजिक चिंतन पैदा करने की बात कही। द्वितीय दिवस गांव व्यवस्था, राव, पाट, कैना की जानकारी विष्णु पद्दा ने दी। कोया पूनेम पुरखा नेंग गढ़, जागा, मंडा की जानकारी तथ्यों सहित जगत मरकाम ने दी। हेमन्त तुमरेटी ने पेसा अधिनियम 1996, नियम 2022 पर चर्चा की। तृतीय दिवस अनुसूचित जनजाति अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के बारे में जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी, गोपेश नेताम, प्रबंधन पर प्रखर रायपुर, ज्योति मरकाम, पत्रकारिता पर गार्गी वर्मा रायपुर, रिमषा मुंबई, शिक्षा-रोजगार पर कर्मचारी प्रभाग अध्यक्ष मोहन कुरु ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के समापन पर संरक्षक पीलाराम नेताम ने युवाओं से समाज की संवैधानिक समस्याओं से लड़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में आसत सामरथ, जोहन नेताम, रुखमन मरकाम, हरि मंडावी, केबीकेएस भारत व गोंडवाना समाज युवा प्रभाग के अध्यक्ष वेदप्रकाश मण्डावी, पदाधिकारी राजेश मरकाम, गोरेलाल वट्टी, आत्माराम मरकाम, दिनेश मण्डावी तथा ब्लॉक नगरी के युवा प्रभाग के प्रशिक्षार्थियों का योगदान रहा।

Pride of Dhamtari
गितिका ऑटो डील
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर
बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा
हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
त्यौहारी ऑफर
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री
एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### भखारा में धूमधाम से हुआ प्रतिमा का विसर्जन



**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा में नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की स्थापना की गई थी। प्रतिमा का विसर्जन विजयादशमी को किया गया। विसर्जन मां कांक्षनी सांग बाना सेवा समिति कुंभी नयापारा राजिम द्वारा किया गया। आयोजन में नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य ने भरपूर सहयोग किया। मौके पर समिति के सदस्य खिलावन निर्मलकर, संतोष निर्मलकर, बिट्टू साहू, प्रदीप साहू, डुलेशवर निषाद, ख़ुमान साहू, प्रेम निषाद, कुबेर निर्मलकर, ईश्वर निर्मलकर, युगल दीवान, गंगाराम, भोला निषाद, राधे निर्मलकर, भूपेंद्र साहू, भूषण पटेल, गांधी सेन, नारायण पटेल, करण पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### फसल चक्र प्रणाली से अवगत हुए छात्र



**बगदेही।** शासकीय उच्चमर माध्यमिक विद्यालय रामपुर के प्राचार्य आरके बघेल ने छात्रों को फसल चक्र प्रणाली एवं इसके महत्व और साइडो ऑफिसर के बारे में जानकारी दी। ज्ञात हो कि कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार सभी स्कूलों मे कृषि, पर्यावरण, जल, जंगल के महत्व पर विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बच्चों को कृषि शिक्षा की जानकारी दी जा रही है। इससे बच्चों में कृषि के प्रति रुझान बढ़ेगा। जल जागर का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्रों को जल महत्व बताया गया। मौके पर आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस अग्रवाल, पी शर्मा, एस साहू, जे ध्रुव, एल सोन, एम ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### खर्रा में ज्योत जंवारा का विसर्जन, माता को दी अंतिम विदाई



■ युवाओं ने सांग बाना के साथ निकाली शोभायात्रा

**सिर्री।** खर्रा में ज्योत जंवारा व दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन 11 अक्टूबर को हुआ। गांव में माता की प्रतिमा का शोभायात्रा निकाली गई। चौक-चौराहों में विराजित दुर्गा प्रतिमा व बोए जंवारा की सुबह विधिवत पूजा, आरती कर युवाओं ने सांग बाना के साथ शोभायात्रा निकाली जो आकर्षण का केंद्र रही। इसे देखने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। पारंपरिक सेवा गीत के साथ कुल देवी के मंदिर में पूजा-पाठ हुआ। पूरे गांव में भ्रमण पश्चात सरोवर में विसर्जन किया गया। मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी गई। इस आयोजन में अजय कश्यप सरपंच प्रतिनिधि, हेमलाल यादव, नरेन्द्र ध्रुवंशी, विजय साहू, नंदू साहू, भूपेंद्र, देबू साहू, कोमल ध्रुव, हरि साहू, नोहर साहू, महेश, भागवत साहू, धनेश साहू, लालजी, मनीष, तोमश हिरेंद्र यादव, भोला यादव, खेमलाल साहू, सुकलाल साहू सहित अन्य ग्रामीणों का सहयोग रहा।

### अछोटी में पंद्रह फीट रावण के पुतले का दहन



■ 79 वर्ष से हो रहा नाट्य कला का आयोजन, दशहरा देखने आसपास के गांव के दर्शक पहुंचे



**सिर्री।** ग्राम अछोटी में विगत 79 वर्ष से पारंपरिक रूप से गांव की ही लोक मंजरी नाट्य टीम लगातार प्रस्तुति दे रही है। नाटक नवरात्रि से ही प्रारंभ हो जाता है। नवरात्रि दशहरा पर्व पर विभिन्न नाटकों का मंचन किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिनों तक नाटक का मंचन किया गया। अष्टमी के दिन मोर मया के गांव छत्तीसगढ़ी नाटक, नवमी के दिन वीर अभिमन्यु की कहानी और अंतिम दशहरा के दिन राम लीला का मंचन किया गया। अंत में 15 फीट के रावण के पुतले का दहन किया गया। इस वर्ष राम की भूमिका में प्रशांत साहू, लक्ष्मण राजू निर्मलकर और रावण अरुण साहू और हनुमान की भूमिका रामेश्वर पटेल ने निभाई। रावण की भूमिका में अरुण साहू के अभिनय को विशेष रूप से सराहना मिली। दशहरा देखने समीपस्थ गांव के भी दर्शक उपस्थित थे। कार्यक्रम में रामआसरा साहू, कृपाराम पटेल, रजऊराम, पुरानिक साहू, महादेव, मुकेश साहू, तीजू निर्मलकर, यशवंत साहू, अजय साहू, संजय साहू, गिरीश साहू, कृष्ण साहू, बिसहत दास का सहयोग रहा।

---

चार वर्षीय बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म मामले में हो रही है जांच

# स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम सिविल अस्पताल पहुंची



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

करीब महीने भर पहले क्षेत्र के एक गांव में चार वर्षीय मासूम बच्ची के साथ घटित दुष्कर्म के मामले में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सिविल अस्पताल कुरुद पहुंचकर डॉक्टरों से पूछताछ की है।

मालूम हो कि करीब महीने भर पहले कुरुद क्षेत्र के एक गांव की चार वर्षीय मासूम बच्ची के साथ 18 सितंबर को एक नाबालिग किशोर ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़िता बालिका अपने परिजनों के साथ दूसरे दिन 19 सितंबर को सिविल अस्पताल कुरुद पहुंची। डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत एमएलसी भरकर पुलिस थाने में सूचना दी थी। जिसके बाद पुलिस ने नाबालिग आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर बाल सुधारगृह भेज दिया गया। बीएमओ डॉ यूएस नवरत्न ने बताया कि दो महिला तथा दो पुरुष डॉक्टर की टीम ने बच्ची की जांच करने के बाद इंजेक्शन व कुछ दवाइयां दी थी। उस वक्त बच्ची की हालत सामान्य थी। 3 अक्टूबर को बच्ची पुनः अपनी परिजनों के साथ अस्पताल पहुंची। जहां दर्द होने की बात बताई। तब उसे 8 अक्टूबर तक भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। चूंकि यहां सोनोग्राफी और स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं होने के कारण 9 अक्टूबर को सिविल अस्पताल 108 से रिफर किया गया। इलाज के दौरान कुरुद में बच्ची को कोई टांका नहीं लगाया गया है।इसके बाद का इलाज जिला अस्पताल धमतरी में हुआ है। इस दौरान बच्ची के इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगा। बच्ची के इलाज में लापरवाही बरतने का हल्ला मचने के बाद जिला स्तर पर गठित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को सिविल अस्पताल कुरुद पहुंचकर इलाज करने वाले डॉक्टरों से पूछताछ की। इस दौरान टीम ने क्या पाया, यह ज्ञात नहीं हो सका है।

---

# मॉडिफाइड साइलेंसर लगे दो वाहनों पर की कार्रवाई

■ पर्यावरण संरक्षण को लेकर एसपी ने कार्रवाई करने यातायात पुलिस को किया निर्देशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगवाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई की है। वहीं मौके पर दो बाइक से साइलेंसर निकलवाकर जब्त किया गया है। द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा ध्वनि प्रदूषण के संबंध में दिए गए दिशा- निर्देश के परिपालन में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने मोडिफाईड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्रा को निर्देशित किया है।



यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्रा ने यातायात शाखा में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों की टीम गठित की। यातायात की टीम ने शहर में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर चलने वाले 13 वाहन चालकों की बाइक की चेकिंग की। जिसमें से 11 वाहन चालकों का साइलेंसर मानक स्तर पर पाया गया। वहीं दो वाहन में लगा साइलेंसर मानक स्तर का नहीं मिला। पुलिस ने दोनों वाहनों से मौके पर ही साइलेंसर को निकलवाया। ध्वनि प्रदूषण को लेकर गठित यातायात की टीम मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों की पतासाजी कर चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करेगी। यातायात पुलिस ने आमजनों से पर्यावरण संरक्षण को लेकर ध्वनि प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभाव को कम करने के लिए वाहनों में मानक स्तर का साइलेंसर का उपयोग करने की अपील की है।

---

## महाराष्ट्र चुनाव के लिए मिली रंजना को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भाजपा आलाकमान ने पूर्व विधायक व प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू को महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचार- प्रसार और पार्टी को जिताने की जिम्मेदारी दी है। श्रीमती साहू ने महाराष्ट्र के नांदेड़ दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में चुनावी कमान संभाल ली है। नांदेड़ महानगर अंतर्गत सीड़को मण्डल एवं हनुमान पेठ मंडल शहर में बतौर प्रभारी श्रीमती साहू आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक बैठक में शामिल हुई। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त कर चुनाव में जीत सुनिश्चित करने कार्ययोजना पर चर्चा की। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी श्रीमती रंजना साहू को लोकसभा चुनाव में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई थी।

## करेली बड़ी हाईस्कूल में वार्षिक पत्रिका का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी में गत दिनों हमारा परिवार वार्षिक साहित्यिक पत्रिका का विमोचन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के पत्रकारों सुरेश साहू, पवन निषाद का श्रीफल से सम्मानित किया गया। प्राचार्य किशोर जांगड़े ने बताया कि विद्यालय द्वारा पत्रिका प्रकाशन का यह तृतीय वर्ष था। पत्रिका में गीत, कविता, ग़जल तथा विद्यालय की गतिविधियों को स्थान दिया गया है। मौके पर उपप्राचार्य बृजेश देवांगन, व्याख्याता यामिनी गायकवाड़, मधु सिंह, रूक्मणि बंछोर, भावना ठाकुर, शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर, पुनेश्वर प्रजापति, हर्षल चंद्राकर, गीतेश्वर सिंह साहू, अवधराम साहू, दुर्गा सिन्हा, लोकेश्वरी ध्रुव, प्रमोद साहू उपस्थित रहे।

---

**बिजनेस साइट**

## किरण ज्वेलर्स में तीन दिवसीय कंगन महोत्सव मना





■ आधुनिक डिजाइन में बने सोने के कंगन ने ग्राहकों को लुभाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

स्थानीय घड़ी चौक के पास स्थित किरण ज्वेलर्स में 13 अक्टूबर से कंगन महोत्सव मनाया गया। इसका समापन मंगलवार को हुआ। किरण ज्वेलर्स के संचालक ललित जैन ने बताया कि 13 अक्टूबर से ग्राहकों के लिए तीन दिवसीय सोने का कंगन महोत्सव मनाया गया, जिसमें ग्राहकों को विशेष छूट पर सोने का कंगन दिया गया। इस महोत्सव में ग्राहकों की भारी भीड़ रही। सोने का कंगन एक तोले से लेकर 10 तोले तक था। ग्राहकों को नकद खरीदने पर विशेष छूट दी गई। लेटेस्ट वैरायटी के साथ शुद्ध सोने से निर्मित सोने के कंगन ने ग्राहकों को खूब लुभाया। अच्छा रिस्पॉन्स मिला। हमारी कोशिश रही है कि ग्राहकों को अच्छा सामान मिले।

---

**ऐसे संवेदनशील मामले पर राजनीति न करे कांग्रेस : चंद्राकर**

## 4 साल की मासूम से दुष्कर्म, पीड़िता का रायपुर में चल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरुद विधानसभा क्षेत्र में 4 वर्षीय बच्ची के साथ हुई रेप की घटना को



कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर ने दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए इस गंभीर मुद्दे पर कांग्रेस को राजनीति नहीं करने की सलाह दी है।

नगर के कुछ पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चन्द्राकर ने कहा कि बच्ची से दुष्कर्म की घटना अत्यंत गंभीर विषय है। दुष्कर्म जैसे विभत्स अपराध को झेल रही बच्ची व उनके परिवार के साथ हमारी पूरी सहानुभूति व सहयोग है। हमारा प्रयास है कि बच्ची व उनके परिवार की पहचान उजागर न हो। प्रशासन की देखरेख में उचित कार्रवाई की गई। बच्ची के उपचार में किसी प्रकार की कहीं कमी नहीं आने दी जाएगी। एक अच्छे अस्पताल में बच्ची का उपचार हो रहा है। यदि आवश्यकता हुई तो और भी बेहतर उपचार की व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने इस घटना के लिए जांच कमेटी गठित की है। जांच समिति के किसी कदम से पीड़िता या उनके परिजनों का नाम उजागर हुआ तो भाजपा इसका पुरजोर विरोध करेगी। कुरुद विधायक ने कहा कि घटना 18 सितंबर की है। महीने भर बाद कांग्रेस द्वारा समिति घोषित करना आश्चर्यजनक और हास्यप्रद है। कांग्रेस संवेदनशील विषयों पर राजनीतिक करने से बाज आएं। विपक्ष को राजनीति ही करनी है तो ऐसे गंभीर विषयों को छोड़ दें और अन्य विषय तलाशें।

### प्रशासन की लापरवाही से बच्ची इलाज के लिए भटकती रही

बता दें कि 18 सितंबर की शाम कुरुद क्षेत्र की 4 वर्षीय मासूम बच्ची से एक नाबालिग ने दुष्कर्म किया। इलाज हेतु अगले दिन सिविल अस्पताल कुरुद पहुंचने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेज दिया। इधर पीड़ित बच्ची को चार टांके लगे। करीब 22 दिन बाद पीड़ित बच्ची की तबियत बिगड़ी तो इलाज हेतु जिला अस्पताल में भटकते पाया गया। जब मीडिया की नजर पड़ी तो मामला उजागर हुआ तब हरकत में आए शासन-प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए बच्ची को इलाज हेतु रायपुर रिफर किया। अब उनकी स्थिति में काफी सुधार बताया जा रहा है।

### घटना को लेकर कांग्रेस ने गठित की है जांच समिति

कुरुद क्षेत्र में घटित इस दुष्कर्म कांड को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने 7 सदस्यों की जांच समिति बनाई है जिसकी अध्यक्ष बालोद विधायक संगीता सिन्हा हैं। जांच समिति में कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, धमतरी विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, जिपं सभापति धमतरी तारिणी चंद्राकर, सदस्य कविता बाबर, पूर्व जनपद अध्यक्ष धमतरी घामेश्वरी साहू शामिल हैं। समिति बुधवार को जांच के लिए पहुंचने वाली है। ऐसे में पीड़ित परिवार की पहचान उजागर होने की आशंका है जिसे लेकर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने बयान जारी किया है।

---

# संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति का वार्षिक उत्सव 17 को

■ कवियों, साहित्यकारों एवं प्रतिभावान छात्रों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड के 28 वें स्थापना दिवस पर 17 अक्टूबर को वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा राजस्व मंत्री होंगे। अध्यक्षता पुनू राम साहू राज संरक्षक संगम साहित्य समिति मगरलोड करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्रवण मरकाम पूर्व विधायक सिहावा, प्रकाश बैश भाजपा जिला अध्यक्ष धमतरी, विजय यदु अध्यक्ष भाजपा मंडल, नरेश सिन्हा भाजपा जिला उपाध्यक्ष, गुलाब डडसेना जनसंपर्क अधिकारी कवर्धा, अशोक चौहान मुख्य नगर पालिका अधिकारी मगरलोड, राजेश चौहान गीतकार रायपुर, दिनेश चौहान साहित्यकार राजिम, मिनेश साहू गीतकार रायपुर, ईश्वर साहू बंधी गीतकार रायपुर होंगे। इस अवसर पर संगम गजानन सहित्य सेवा सम्मान बलदेवराम साहू दुर्ग, संगम तुलसी मानस सम्मान नंदकुमार साहू खैरझिटी महासमुंद, संगम प्रेम ललिता समाज सेवा सम्मान नव सृजन समिति मगरलोड, संगम मकरंद शिक्षक सम्मान चैतू राम दीवान शिक्षक शुक्ला भाठा, संगम सिरोतन सृजन सम्मान भोलाराम सिन्हा डाभा का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर शोर संदेश मानस मंडली खैरझिटी महासमुंद की प्रस्तुति, संगम साहित्य ई पत्रिका का विमोचन, संगम के दिवंगत साहित्यकारों के छायाचित्रों का अनावरण, आंचलिक पत्रकारों का सम्मान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति होगी। 12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त छात्र समीर चक्रधारी का सम्मान होगा। इसकी तैयारी में संगम साहित्य समिति के अध्यक्ष विरेन्द्र सरल, सचिव आत्माराम साहू, मीडिया प्रभारी भोलाराम सिन्हा, चिंताराम पुजारी जुटे हुए हैं।




---

# मोदी के नेतृत्व में आज भारत ने पूरी दुनिया में बनाई पहचान : मरकाम





■ भाजपा सदस्यता कार्यक्रम में 77 से अधिक सक्रिय सदस्य बनाने वालों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में भाजपा सदस्यता अभियान जारी है। इसी क्रम में साहू सदन नगरी में भाजपा सदस्यता अभियान का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि विकास मरकाम अनुसूचित जनजाति मोर्चा छग ने अपने उद्बोधन में कहा कि नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत ने पूरी दुनिया में पहचान बनाई है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने पर प्रदेश के हर वर्ग के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। आज भाजपा के सदस्यता अभियान से लोग जुड़ रहे हैं । नगरी में भाजपा सदस्यता अभियान का वृहद कार्यक्रम देखने को मिला। अध्यक्षता कर रहे प्रकाश बैस भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज प्रदेश में भाजपा की सरकार है। आज हर गरीब परिवार को प्रधानमंत्री आवास मिल रहा है। उनका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को जाता है। नगरी में गोपी कश्यप और उनकी पूरी टीम ने सिहावा विधानसभा क्षेत्र में जोरदार सदस्यता अभियान चलाया।

अन्य अतिथि नागेन्द्र शुक्ला संयोजक सिहावा, कमल डागा संयोजक, मोहन नाहटा, मंडल अध्यक्ष नगरी अकबर कश्यप, मंडल अध्यक्ष बेलर विकल गुप्ता, कुकरेल मंडल प्रभारी रविशंकर दुबे, आराधना शुक्ला अध्यक्ष नपं नगर, अजय नाहटा उपाध्यक्ष नंप, दिनेश्वरी मरकाम अध्यक्ष जपं, हुमित लिम्जा उपाध्यक्ष जपं, प्रेमलता नागवंशी, जिला मंत्री हृदय लाल साहू, भूपेंद्र साहू, बलजीत छाबड़ा पूर्व पार्षद, राजा पवार, अश्वनी निषाद, अनिरुद्ध साहू, चेलेश्वरी साहू थे। कार्यक्रम के दौरान 77 सक्रिय सदस्य बनकर नया कीर्तिमान बनाने वाले सदस्यों का गमछा व टोपी पहनाकर स्वागत किया। मौके पर गोपी कश्यप, रूपेन्द्र साहू, तुलसी साहू, जितेन्द्र मंडावी, राजू पटेल, अंगेश हिरवानी, महेश नेताम, देवेन्द्र सेन, घनश्याम नेताम, हरिनारायण, खिलेश लहरे, रोशन निषाद, चमेलीबाई साहू, लता साहू, लेखनी साहू, चम्पा साहू, पुष्पा साहू, भुनेश्वरी नेताम, यशवंत कुंजाम, हितेश, महेश सिन्हा, सोहन जैन, भूषण मरकाम, भोज सोनवानी, जीवन मरकाम, फलेन्द्र साहू, चंद्रहास मोरिया, देवनारायण पटेल, रामा नाग, राकेश नेताम, लक्ष्मीभारती, गिरिजाशंकर, रविंद्र साहू, नरेंद्र नाग, राजा पवार, नर्सिंग मरकाम, मनोज साहू, विनय साहू, परमेश्वरी, नंदिनी साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल : महापौर

# कांग्रेसियों ने छग सरकार के मंत्रियों का पुतला फूंका, की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था, बलात्कार, लूटपाट, हत्या जैसी घटनाओं को लेकर कांग्रेसियों ने मंगलवार को गांधी मैदान के पास मुख्यमंत्री व छग सरकार के मंत्रियों का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन के पूर्व कांग्रेसी राजीव भवन से रैली के रूप में निकले। गांधी मैदान में पहुंचकर पुतला दहन किया। पुलिस ने कांग्रेसियों को रोकने की कोशिश करते हुए पुतला छीन लिया। इस छीनाझपटी में पुलिस और कांग्रेसियों के बीच खूब जोर आजमाइश हुई, अंततः पुतले में आग लगाने में कांग्रेसी कामयाब हो गए।

महापौर विजय देवांगन ने कहा कि प्रदेश में हो रही लूटपाट, बलात्कार, हत्या जैसी घटनाएं निंदनीय हैं। प्रदेश की साय सरकार अपराधियों से निपटने में अक्षम है। असंवेदनशील और निकम्मी नीतियों के कारण यहां की जनता को पीड़ा सहनी पड़ रही है। छोटी बच्ची के साथ हुई अमानवीय हरकत पूरी मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना है। साय सरकार और प्रशासन तंत्र गरीब परिवार को इलाज और न्याय के नाम पर 20 दिनों से प्रताड़ित कर रहा है। युवा नेता आनंद पवार ने कहा कि मोदी की गारंटी बड़े उद्योगपतियों को संरक्षित करने के लिए है। यही गारंटी के कारण प्रदेश के गरीब और वंचितों को न्याय की कोई उम्मीद नहीं है। साय सरकार में पुलिस द्वारा अपराधियों को संरक्षित किया जा रहा है। पीड़ितों की सुनवाई नहीं हो रही है। विगत 10 माह में प्रदेश अपराधियों का गढ़ बन गया है। युकां अध्यक्ष हितेश गंगबीर ने कहा कि साय सरकार अपराधों पर लगाम लगाने में असमर्थ है। साय सरकार सभी क्षेत्र में विफल रही है। जिले की घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मसार कर किया है।



इस दौरान कांग्रेसीनेता घनश्याम साहू, आलोक जाधव, घामेश्वरी साहू, शास्त्री सोनवानी, योगेश शर्मा, कृष्णा मरकाम, उदित साहू, सूर्यप्रभा चेटियार, अवैश हाशमी, वातांजलि गोस्वामी, धनेश्वरी कामड़े, विक्रांत पवार, गीतराम सिन्हा, विक्रांत शर्मा, युवराज शर्मा, साहिल अहमद, वीरू महाजन, विज्जु रामटेके, तोगू गुरुपंच, आशुतोष खरे, तिलक सिन्हा, तारिक रजा कादरी, अंबर चंद्राकर, चुनेश्वर नागेंद्र, विक्रम साहू, अजय सिन्हा, नवीन गजेंद्र, श्रवण साहू, जीतू साहू, संजू साहू, पवन यादव, सूरज पासवान, खिलेंद्र साहू, तिलक सोनकर, अविनाश रंगारी, ऋषभ ठाकुर, खोजू साहू, अविनाश मरोठे, डोमेश्वर साहू, डगेश मरकाम, दिनेश यादव, अमन नाग सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।

# विवाह योग्य 60 दिव्यांगों ने दिया परिचय, 11 का विवाह तय





■ परिचय सम्मेलन में छग के अलावा दूसरे प्रदेश से भी पहुंचे दिव्यांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्थानीय सामुदायिक भवन में मंगलवार को विवाह योग्य दिव्यांग युवक युवती का परिचय सम्मेलन रखा गया जिसमें 60 से अधिक दिव्यांगों ने मंच में आकर अपना परिचय दिया। कार्यक्रम के बाद आपसी रजामंदी से 11 जोड़ों का विवाह तय हुआ। परिचय सम्मेलन में यूपी, बिहार, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सहित छग के विभिन्न जिलों के दिव्यांग अपने परिजनों के साथ पहुंचे थे। सभी पंजीकृत दिव्यांगों ने मंच में अपना परिचय दिया। कार्यक्रम सुबह 11 से शाम 5 बजे तक चला। यह आयोजन दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति, छग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ, सृजन मानसिक एवं दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सहयोग से हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू एवं महापौर विजय देवांगन थे। विशिष्ट अतिथि नीतू श्रीवास्तव अध्यक्ष श्रुति फाउंडेशन दुर्गा, अनुराधा दुबे रायपुर, बिष्णुकांत मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष दिव्यांग सेवा संस्स्था, सीएम दीक्षित प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी संघ, दिग्विजयसिंह कृदत्त छग मंदबुद्धि अभिभाव एवं विकलांग कल्याण संघ, डा.एसके कुशवाहा जबलपुर, भोजराज साहू, मोतीलाल देवांगन, संतोषी बिश्नोई अध्यक्ष दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति, बसंत बिश्नोई, पाषर्द राजेश ठाकुर, महेश साहू थे। इस अवसर पर अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगों को जीवनसाथी चुनने के लिए यह आयोजन बेहतरीन प्रयास है। इससे सभी दिव्यांगों को जीवनसाथी सही समय पर मिल सकेगा। दिव्यांगों ने मंच में आकर बेबाकी से परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन यशवंत सिन्हा, घनश्याम साहू ने किया। परिचय सम्मेलन के तत्काल बाद 11 जोड़ों का विवाह तय हुआ। इस समय दोनों परिवार मौजूद थे। विवाह के लिए जोड़े को शासन की ओर से 50 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## रावनगुड़ा में नवमी पर जसझांकी आयोजित

**सिर्री।** नवरात्रि के अवसर कर ग्राम रावनगुड़ा के बाल समिति द्वारा दुर्गा नवमी के पावन अवसर पर 11 अक्टूबर को जय मां शीतला पुरण जस झांकी रात्रिकालीन कार्यक्रम ग्राम देवरी भखारा का कार्यक्रम रखा गया। जिसे देखने दर्शकों की भीड़ रही। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सुरीत साहू, रामानंद साहू, कृष्ण कुमार यादव, शंभू राम साहू, आकाश साहू, भूषण साहू, त्रिलोक यादव, मोहन साहू, संतानू यादव, टुकेश्वर, धर्मेंद्र, जमुना यादव की उपस्थिति के साथ अन्य ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

## रबी में दलहन-तिलहन की फसल लेने का निर्णय



**धमतरी।** ग्राम रांवा में ग्रामीणों की बैठक हुई जिसमें सर्व सहमति से रबी सीजन में दलहन तिलहन की फसल लेने का प्रस्ताव पारित किया गया। मौके पर गोपालन पटेल सरपंच, मानिक साहू जनपद सदस्य, जीवराज साहू उपसरपंच, लोभन साहू पंच, लीलाम्बर साहू, गंगा राम धुर्वे, सुरेश सिन्हा, ऋषि सिन्हा, भुनेश्वर सिन्हा, सेवक सिन्हा, दूजराम साहू, खेमराज सतनामी, हिम्मत साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## मोहेरा में भागवत कथा

**मगरलोड।** मगरलोड विकासखंड के अंतर्गत ग्राम मोहेरा में आयोजित भागवत कथा कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंत्री भाजपा किसान मोर्चा श्रीमती पिंकी शाह एवं भाजपा नेता राजेंद्र गोलछा पहुंचे। इस दौरान श्रीमती शाह ने शीतला मंदिर मोहेरा में भी पूजा अर्चना किया एवं भागवत कथा में सम्मिलित हुई। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष चित्रसेन प्रजापति, धरम बिसेन सहित कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।
















